हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 | अंक : 106 | जौनपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य : 2 रूपया

## भारतः यूएई ने अपने रिश्तों को नयी ऊंचाई दी है : मोदी

एजेन्सी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और सयुंक्त अरब अमीरात (यूएई) ने जिस तरह अपने रिश्तों को एक नयी ऊंचाई दी है, उसका बहुत बड़ा श्रेय राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को है। मोदी ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के उद्घाटन अवसर पर आज कहा, " मेरे भाई और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद का इस आयोजन में शामिल होना हमारे लिये बहुत खुशी की बात है। वाइब्रेंट गुजरात में इस समिट में उनका यहां मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होना भारत और यूएई के दिनों–दिन मजबूत



होते आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ देर पहले हमने उनके विचार सुने, भारत का लेकर उनका विश्वास, उनका सहयोग बहुत ही गर्मजोशी से भरा हुआ है। जैसा उन्होंने कहा वाइब्रेंट गुजरात समिट इकोनॉमिक डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट से जुड़ी जानकारियों और अनुभव साझा करने का ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गया है। इस समिट में भी भारत और यूएई ने फूड पार्कके विकास लिये, रिन्यूलेबल एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिये, इनोवेटिव हेल्थ केयर में निवेश के लिये कई महत्वपूर्ण समझौते किये हैं। भारत और यूएई के बीच संबंध और मजबूत हुये हैं। उन्होंने कहा भारत के फूड इंफ्रास्ट्रक्चर में यूएई की कंपनियों द्वारा कई अरब डॉलर के नये निवेश पर सहमति बनी है। भारत और यूएई ने जिस तरह अपने रिश्तों को नयी ऊंचाई दी है, उसका बड़ा श्रेय शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है।

## देश में कोविड के 605 नए मामले दर्ज, चार मौतें

एजेन्सी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले 24 घंटे में 605 नए कोविड–19 मामले सामने आए हैं और चार मौतें हुई हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, केरल और कर्नाटक में दो–दो मौतें हुईं। मंगलवार को कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और असम से कुल छह मौतें हुई थीं। इस बीच, सक्रिय मामलों की कुल संख्या सोमवार के 3,919 से गिरकर 3,643 हो गई। अब तक, जनवरी 2020 में शुरुआती प्रकोप के बाद से भारत में कोरोनोवायरस मामलों की कुल संख्या 4,50,19,819 तक पहुंच गई है, जबकि कुल मृत्यु का आंकड़ा 5,33,406 हो गया है। कुल 4.4 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं जो 98.81 प्रतिशत की राष्ट्रीय रिकवरी दर को दर्शाती है।

## सिसोदिया–संजय सिंह की ज्यूडीशियल कस्टडी 20 जनवरी तक बढ़ी

एजेन्सी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति घोटाले के आरोपी आप नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाया कि दोनों को 20 जनवरी तक कस्टडी में रहना होगा। दोनों की हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें एक साथ कोर्ट में पेश किया गया।उधर, कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव लड़ रहे संजय सिंह को 12 जनवरी को दोपहर दो बजे रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंचकर इलेक्शन सर्टिफिकेट लेने की इजाजत दी है। इसके अलावा, कोर्ट ने उनके करीबी सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सर्वेश अपने पिता की तबीयत खराब होने के कारण आज कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। दिल्ली शराब घोटाला केस में पिछले साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। इसको लेकर संजय सिंह ने काफी हंगामा मचाया था। दरअसल, मई में संजय सिंह ने दावा किया कि म्क ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है।

ईडी ने इस पर जवाब दिया कि हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। जिसके बाद ईडी ने संजय सिंह को मीडिया में बयानबाजी न करने की सलाह दी थी, क्योंकि मामला कोर्ट में लंबित है। ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही ईडी ने उनसे पूछताछ की थी। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई 2023 को जारी की गई थी। जिसमें आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद राघव चड्ढा का भी नाम सामने आया था। हालांकि उन्हें आरोपी नहीं बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया के पास एक्साइज डिपार्टमेंट था, इसलिए उन्हें कथित तौर पर इस घोटाले का मुख्य आरोपी बनाया गया था। सीबीआई ने सिसोदिया पर आरोप लगाया था कि एक्साइज मिनिस्टर होने के नाते उन्होंने मनमाने और एकतरफा फैसले लिए, जिससे खजाने को भारी नुकसान पहुंचा और शराब कारोबारियों को फायदा हुआ।

## दुश्मनों की अब खैर नहीं...नौसेना को मिला अत्याधुनिक ड्रोन

एजेन्सी

हैदराबाद। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए स्वदेश निर्मित मानवरहित हवाई वाहन 'दृष्टि 10 स्टारलाइनर ने किया जो 75 नौसेना कर्मियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे। अडाणी की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दृष्टि 10 स्टारलाइनर 36 घंटे तक मजबूती से टिके रहने वाला,




अनमैन्ड एरियल व्हीकल का अनावरण किया। यूएवी के नौसेना समुद्री अभियानों में शामिल होने के वास्ते हैदराबाद से पोरबंदर के लिए रवाना होने के दौरान अनावरण समारोह का नेतृत्व भारतीय नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल आर. हरि कुमार 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता वाला एक अत्याधुनिक इंटेलिजेंस, सर्विलांस एंड रिकॉनेसंस (आईएसआर) मंच है। यह स्टैनैग 4671 प्रमाणन के साथ सभी मौसम में काम करने वाला एकमात्र सैन्य मंच है और यह विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए आरक्षित एवं शेष सभी हवाई क्षेत्रों में उड़ान भरने में सक्षम है। हरि कुमार ने भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं के अनुरूप अपना खाका पेश करते हुए रक्षा और सुरक्षा में आत्मनिर्भरता को सक्षम करने के लिए भागीदारों और क्षमताओं का एक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में (गौतम) अडाणी के प्रयासों की सराहना की। एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है और आईएसआर प्रौद्योगिकी और समुद्री वर्चस्व में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज में एक परिवर्तनकारी कदम है। अडानी समूह ने मैन्युफैक्चर तक ही सीमित नहीं बल्कि स्थानीय क्षमताओं को विकसित करने के लिए पिछले कई सालों से व्यवस्थित रूप से काम करके मानव रहित प्रणालियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। एडमिरल ने कहा कि हमारे नौसैनिक अभियानों में दृष्टि 10 के एकीकरण से हमारी नौसैनिक क्षमताओं में वृद्धि होगी, लगातार विकसित होने वाली समुद्री निगरानी और सर्विलांस के लिए हमारी तैयारी मजबूत होगी।

## मध्य प्रदेश में सोलर लाइट से रौशन होंगे मंत्रियों के बंगले

एजेन्सी

भोपाल। मध्य प्रदेश के राजधानी भोपाल में स्थित सरकारी भवनों में सोलर प्लांट लाए जाएंगे, जिससे आने वाले समय में ये आवास सोलर लाइट से रोशन होंगे।

इसके अलावा सरकारी भवनों पर भी सोलर प्लांट स्थापित होंगे। राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा सभी शासकीय भवनों में सोलर प्लांट लगवाएं, साथ ही मेरे बंगले सहित सभी मंत्रियों के सरकारी आवासों में सोलर प्लांट लगवाएं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बिजली ट्रिपिंग की समस्या पर कहा कि इस समस्या के कारण ढूढ़े और उनका त्वरित निराकरण करें। ट्रिपिंग का कारण स्पष्ट होना चाहिए। ट्रिपिंग के बारे में जरूरी हो तो शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जानकारी दें। तोमर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री अपने–अपने क्षेत्र में विधायकों से मिलकर उनके क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दें।

## शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर आज फैसला



एजेन्सी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कई अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर बुधवार को अपना फैसला सुनाएंगे।

एकनाथ शिंदे और इन विधायकों के विद्रोह के कारण जून 2022 में शिवसेना विभाजित हो गई थी। साथ ही उद्धव ठाकरे नीत महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार भी गिर गयी थी। राज्य विधानसभा के सूत्रों के अनुसार फैसला सुनाने के लिए उच्चतम न्यायालय की ओर से निर्धारित मूल समय सीमा 31 दिसंबर 2023 थी। गत 15 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने 10 दिन का विस्तार दिया और फैसले के लिए 10 जनवरी को नई तारीख तय की। गौरतलब है कि जून 2022 में श्री शिंदे ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ शिवसेना विधायकों के एक वर्ग के विद्रोह का नेतृत्व किया, जिससे सेना विधायक दल में विभाजन हो गया और एमवीए सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे और ठाकरे गुटों ने दलबदल विरोधी कानून के तहत एक–दूसरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए याचिकाएं दायर कीं। इस मामले में आज शाम चार बजे के बाद फैसला आने की उम्मीद है। दोनों गुटों के पदाधिकारियों ने कहा है कि अध्यक्ष के प्रतिकूल फैसले की स्थिति में वे शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। मंगलवार को श्री नार्वेकर की श्री शिंदे से मुलाकात के बाद ठाकरे समूह ने इस पर आपत्ति जताई और शीर्ष अदालत में याचिका दायर की। उल्लेखनीय है कि श्री शिंदे और 48 अन्य विधायकों के विद्रोह के बाद 20 जून 2022 को श्री ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार गिर गई थी। इसके बाद श्री शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी विधायकों के साथ मिलकर सरकार बनायी जो वर्तमान में सत्तारुढ़ है।

## पुलिस बोली- महिला सीईओ ने बच्चे का मर्डर प्लान किया

एजेन्सी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ ने अपने 4 साल के बेटे की हत्या प्लान की थी। इसी प्लानिंग के तहत 39 साल की सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा आई और होटल रूम में उसका मर्डर किया। गोवा पुलिस ने मर्डर के दो दिन बाद बुधवार को इस बात की आशंका जाहिर की है। गोवा पुलिस के मुताबिक, जिस होटल के कमरे में महिला रुकी हुई थी, वहां से कफ सिरप की दो खाली बॉटल्स बरामद हुई हैं। पुलिस को शक है कि मर्डर से पहले सूचना ने अपने बेटे को कफ सिरप की हैवी डोज दी होगी। सूचना ने कफ सिरप की एक बॉटल होटल के एक स्टाफ से मंगवाई थी। सूचना ने कहा था कि उसे खांसी है। इधर, बच्चे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी सामने आई है। कर्नाटक के हिरियूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर कुमार नाइक ने बताया कि बच्चे की हत्या गला घोंटकर की गई है।

## कर्नाटक विधानसभा के सामने सामूहिक सुसाइड का प्रयास,पुलिस की गिरफ्त में एक ही परिवार के 8 लोग

एजेन्सी

बेंगलुरु। कर्नाटक के बेंगलुरु में आज दोपहर उस वक्त हंगामा मच गया जब एक परिवार के 8 सदस्यों ने विधानसभा के सामने सामूहिक सुसाइड का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने उन लोगों को बचाया और हिरासत में लिया है। मोहम्मद मुनैद उल्लाह और शाइस्ता बानो (48) अपने परिवार के 6 अन्य सदस्यों, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं उनके साथ विधानसभा के सामने पहुंचे। उनके हाथ में कुछ कागज और कुछ तस्वीरें भी थीं। साथ ही मिट्टी का तेल भी था। मोहम्मद मुनैद ने पूरे परिवार सहित मिट्टी का तेल डालकर सुसाइड का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन लोगों को बचा लिया। पूछताछ में मोहम्मद ने बताया कि उसने साल 2016 में अदरक की खेती के लिए बेंगलुरु



सिटी को–ऑपरेटिव बैंक से 50 लाख रुपए का लोन लिया था, लेकिन खेती में नुकसान हो गया। वह अब तक 50 लाख रुपए के लोन के बदले में 95 लाख रुपए बैंक में जमा करा चुका है। मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि उसने लोन चुकाने में राहत पाने के लिए मिनिस्टर जमीर से भी मदद मांगी थी। उनकी तरफ से मदद का आश्वासन भी मिला, लेकिन लोन का ब्याज कम नहीं हुआ।

मोहम्मद के मुताबिक, अब बैंक हमारे 3 करोड़ की कीमत के लिए घर को 1.41 करोड़ रुपए में नीलाम करने की तैयारी में है। न्याय पाने के लिए मैं परिवार सहित सुसाइड करने यहां आया हूं। बेंगलुरु पुलिस ने मोहम्मद और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आईपीसी की धारा 309 के तहत आत्महत्या का प्रयास करने और आईपीसी की धारा 290 के तहत पब्लिक प्लेस में हंगामा करने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## भाजपा वाले राम-धर्म को हाई जैक करने में लगे हुए, राम मंदिर के उद्घाटन में जाने के सवाल बोले श्रवण कुमार




एजेन्सी

पटना। जनता दल यूनाइटेड के सीनियर नेता और बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने सीट शेयरिंग पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विलंब हो रहा है, लेकिन सब ठीक से हो जाए ऐसी कोशिश सब लोगों को करनी चाहिए। जो विलंब हो रहा है उसे थोड़ी दिक्कत हो रही है, इसका हल निकालना चाहिए। वहीं, राम मंदिर के उद्घाटन में जाने के सवाल पर श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा वाले राम को हाईजैक करने में लगे हुए हैं। धर्म को हाई जैक करने में लगे हैं। जदयू नेता ने कहा कि चुनाव समाप्त होने के बाद कोई भाजपा वाले मंदिर नहीं जाने वाले हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 जनवरी को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र है, कहीं भी कोई जा सकता हैं, प्रचार कर सकता हैं। इसके साथ ही उन्होंने सीट शेयरिंग पर कहा कि सीट शेयरिंग के मसले को प्राथमिकता से करना चाहिए। जिसको जिस दल से बैठकर बात करनी है वह करें। उन्होंने कहा कि विलम्ब हो रहा है, लेकिन इसका कारण कौन है ये कहना मुश्किल है। मकर संक्रांति के बाद बिहार की सियासत में कुछ होने के सवाल पर श्रवण कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन में रहकर काम कर रहे हैं, आगे कहीं जाने की बात नहीं है। एक के खिलाफ एक हीं उम्मीदवार लड़ेगा। 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में छुट्टी घोषित कर दी गई है। इसको लेकर जदयू नेता ने कहा कि उतर प्रदेश के मॉडल पर बिहार नहीं चलता है, बिहार के मॉडल पर देश चलता है। प्रधानमंत्री मोदी को भी कहना पड़ता है कि नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के ऊपर जो काम किया है, उसको कोई राज्य नहीं कर सकता। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा तो नीतीश सरकार 2 साल के अंदर 94 लाख लोगों को पक्का मकान देगी।

## चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतरी , छह यात्री घायल

एजेन्सी

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये जिससे छह यात्री घायल हो गये।

दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी राकेश ने बताया कि चेन्नई से हैदराबाद आ रही ट्रेन क्रमांक नंबर 12760 चारमीनार एक्सप्रेस नामपल्ली स्टेशन के पास पहुंची थी। इसी दौरान ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गये। घटना में छह लोग घायल हुए हैं जिन्हें सिकंदराबाद के लालागुडा रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद सामने आयेगा।

## अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाई कोर्ट से बडा झटका, मुकदमा रद्द करने से किया इनकार

एजेन्सी

प्रयागराज। लाहाबाद उच्च न्यायालय ने माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी के खिलाफ 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आपराधिक मुकदमा और आरोप पत्र रद्द करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अब्बास अंसारी की याचिका निस्तारित करते हुए न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने निचली अदालत द्वारा छह जनवरी, 2023 को जारी समन को दरकिनार करते हुए निचली अदालत को कानून के मुताबिक नए सिरे से समन जारी करने का आदेश पारित करने का निर्देश दिया।अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की धारा 171एच के तहत कोई मामला नहीं बनता है। इस धारा के तहत चुनाव के संबंध में अवैध भुगतान दंडनीय अपराध है। अदालत ने कहा कि हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि जनप्रतिनिधि कानून के तहत कोई अपराध नहीं बनता। इसलिए, आरोप पत्र या संपूर्ण मुकदमे को रद्द करने का कोई मामला नहीं बनता है।

मऊ जिले के दक्षिण टोला पुलिस थाना में अब्बास अंसारी और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि 22 फरवरी, 2022 को अब्बास अपने समर्थकों के साथ कई वाहनों से चुनाव प्रचार के लिए निकले थे। चूंकि चुनाव आचार संहिता लागू थी।

## आधी-अधूरी तैयारियों के बीच होगा माघ मेला का पहला स्नान

एजेन्सी

प्रयागराज। 15 जनवरी को 'मकर संक्रांतिश के पहले स्नान पर्व के साथ माघ मेला 2024 का शुभारंभ हो जायेगा मगर पहले स्नान में श्रद्धालुओं को आधी–अधूरी तैयारियों और अव्यवस्थाओं के बीच में आस्था की डुबकी लगानी होगी। माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने दावा किया कि माघ मेला की तैयारी अपने नियत समय पर पूर्ण होगी। मेला क्षेत्र में सभी विभाग पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर रहा है। उनके कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर हैं। कल्पवासियों और स्नानार्थियों के स्नान कराने की व्यवस्था समय से पहले कराई जाएगी। प्रसाद का कहना है कि माघ मेला कल्पवासियों और साधु–संत का होता है। हमारा भरसक प्रयास होता है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधाओं से रू–ब–रू नहीं होना पड़े। उन्होंने बताया कि गंगा कटान के कारण कुछ संस्थाओं को इधर –उधर हटाना पड़ रहा है। मेला क्षेत्र में पहुंच रहे साधु–संत का कहना है कि मेला अधिकारी का दावा खोखला साबित हो रहा है। मेला शुरू होने में मात्र चार दिन शेष है जबकि मेले में अभी भी बसावट की पूरी तैयारी नहीं हुई है। झूंसी क्षेत्र में अभी केवल बिजली के खंभों पर बिजली के तार दौडाए गए हैं। मेला क्षेत्र में कार्य कर रही सरकारी कार्यालयों के शिविर के अलावा कहीं कहीं आधे अधूरे तंबुओं का शिविर दिखलाई पड़ रहे हैं।

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी का यह आलम

ऊंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना– जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं– स्पष्टतरू देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी देश में बेरोजगारी की ऊंची दर की पुष्टि करते हैं।

मीडिया की सुर्खियों ने आबादी के बड़े हिस्से को सुखबोध से ओत–प्रोत कर रखा है। ऐसा सोचने वाले लोगों की कमी नहीं है कि जल्द ही भारत आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। बल्कि कहा तो यह भी जाता है कि ऐसा हो भी चुका है। मगर यह हवाई नैरेटिव है, जो जमीनी सूरत से ध्यान हटाते हुए गढ़ा गया है। जमीनी सूरत क्या है, इसकी खबरें भी अक्सर आती हैं, लेकिन वे अखबारों में कहीं अंदर के पन्नों पर दब जाती हैं। मसलन, इस ताजा खबर पर गौर कीजिएरू दिल्ली के चिडियाघर में 100 लोगों को नौकरी पर रखा गया है। उनमें लगभग सभी के पास ऊंची डिग्रियां हैं। ये अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, मेटलर्जी आदि जैसे विषयों में ग्रेजुएट, पोस्ट–ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग जैसी डिग्रियां हासिल कर चुके नौजवान हैं। उन्हें जू–कीपर की नौकरी मिली है। जू–कीपरों का काम चिडियाघर के पशुओं का हर तरह से ख्याल रखना होता है। इस नौकरी के लिए बारहवीं पास होने की योग्यता काफी है। इस नौकरी में 18,000 से 22,000 रुपये तक का मासिक वेतन मिलता है।

ऊंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना– जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं– स्पष्टतरू देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। पीरिऑडिक लेबर फोर्स सर्वे के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2022–23 में देश में ग्रेजुएट युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 13.4 प्रतिशत थी। लेकिन यह आंकड़ा भी पूरा सच नहीं बताता। मसलन, अब अपनी योग्यता से निम्नतर नौकरी पा जाने उपरोक्त 100 युवा भी बेरोजगारी की श्रेणी से बाहर हो गए हैं। ऐसी हालत लाखों नौजवानों की है। फिर सरकारी परिभाषा में अर्ध या अस्थायी रोजगार में लगे लोगों को बेरोजगार नहीं माना जाता है। विश्व बैंक ने 2022 में कहा था कि भारत में 15–24 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 25 प्रतिशत के आसपास है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की– स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023– नामक रिपोर्ट के मुताबिक 2021–22 में 25 साल से कम उम्र के ग्रेजुएट युवाओं में 42 प्रतिशत बेरोजगार थे। ये आंकड़े हकीकत से ज्यादा मेल खाते हैं।

# ईसाई समुदाय को लुभाने में जुटे मोदी

राम पुनियानी

गत 25 दिसंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई ईसाईयों को क्रिसमस की बधाई देने और उनसे बातचीत करने के लिए अपने घर निमंत्रित किया। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में ईसाई समुदाय के योगदान और प्रभु ईसा मसीह की समावेशी शिक्षाओं की सराहना की. उन्होंने ईसाई समुदाय के नेताओं से अपने पुराने और लम्बे संबंधों के बारे में भी अपने मेहमानों को बताया। इसके कुछ दिन बाद केरल में कुछ सैकड़ा ईसाईयों ने भाजपा की सदस्यता ले ली। द हिन्दू ने लिखा भाजपा की राज्य इकाई की कोट्टयम में हुई बैठक में तय किया गया कि ईसाई समुदाय को आकर्षित करने के लिए 10 दिन की स्नेह यात्रा निकाली जाएगी जिसके दौरान पार्टी मणिपुर हिंसा सहित विभिन्न मसलों पर अपनी बात समुदाय के सामने रखेगी।श केरल के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन ने बिलकुल ठीक कहा कि–मणिपुर में हालत यह हो गई है कि आबादी का एक हिस्सा... ईसाई समुदाय वहां रह ही नहीं सकता... हम सबने देखा है कि इस मामले में राज्य और केंद्र दोनों सरकारों ने चुप्पी साध रखी है (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, जनवरी 2 2024)। अगला आम चुनाव नजदीक है और आरएसएस–भाजपा ने ईसाई समुदाय को लुभाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। जहां तक ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति का सवाल है, उसे विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय रपटों और धार्मिक स्वतंत्रता सूचकांकों से समझा जा सकता है। श्वादा न तोड़ो अभियान के अनुसार, देश में हर दिन ईसाईयों की प्रताड़ना की दो घटनाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में. ...करीब 100 पास्टर और आम पुरुष और महिलाएं भी गैर–कानूनी धर्मपरिवर्तन करवाने के आरोप में जेलों में बंद हैं, जबकि वे या तो जन्मदिन मना रहे थे या इतवार की विशेष प्रार्थना सभा कर रहे थे।



एक ज्ञापन के अनुसार, सरकार कार्डिनलों और पास्टरों के खिलाफ अपनी विभिन्न जांच एजेंसियों का इस्तेमाल भी कर रही है। यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम के अनुसार, सन् 2022 के पहले सात महीनों में ईसाईयों पर हमलों की 302 घटनाएं हुई। नेशनल सॉलिडेरिटी फोरम एंड इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया के आर्चबिशप पीटर मेकेडो द्वारा दायर एक याचिका के मुताबिक, श्राज्य ऐसे समूहों के खिलाफ त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने में असफल रहा है जिन्होंने ईसाई समुदाय के खिलाफ व्यापक हिंसा की, नफरत फैलाने वाले भाषण दिए, उनके आराधना स्थलों पर हमले किये और उनकी प्रार्थना सभाओं में व्यवधान उत्पन्न किये। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने लगातार चौथे साल भारत को विशेष सरोकार वाला देश निरुपित किया है और अमेरिकी सरकार से कहा है कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियां बनाए।ओपन डोर्स के अनुसार, वर्तमान सरकार के मई 2014 में सत्ता में आने के बाद से ईसाईयों पर दबाव में नाटकीय वृद्धि हुई है...हिन्दू अतिवादी अन्य धर्मों के लोगों पर बिना किसी भय के हमले करते हैं और कुछ इलाकों में उन्होंने गंभीर हिंसा की है...बड़ी संख्या में राज्य सरकारें धर्मांतरण–विरोधी कानून लागू कर रही हैं जिनका घोषित उद्देश्य हिन्दुओं का जबरदस्ती दूसरे धर्मों में परिवर्तन रोकना है मगर असल में उनके बहाने ईसाईयों को धमकाया और प्रताड़ित किया जाता है...पास्टर होना इस देश में सबसे ज्यादा जोखिम वाला काम बन गया है। हिन्दू अतिवादी पास्टरों पर हिंसक हमले करते हैं ताकि आम ईसाईयों के मन में डर का भाव बैठाया जा सके। ईसाई समुदाय की वर्तमान स्थिति की जड़ में है हिन्दू राष्ट्रवादी आख्यान जिसमें इस्लाम और ईसाईयत को विदेशी धर्म माना जाता है. आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर ने अपनी पुस्तक श्बंच ऑफ थॉट्स में लिखा है कि ईसाई और कम्युनिस्ट, हिन्दू राष्ट्र के आतंरिक शत्रु हैं।

आरएसएस की शाखाओं में भी इसी आशय की बातें सिखाई जातीं हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी गतिविधियों में उछाल के साथ ईसाईयों के खिलाफ हिंसा सबसे पहले देश के आदिवासी इलाकों में शुरू हुई। प्रचार यह किया गया कि ईसाई मिशनरीज जबरिया, धोखाधड़ी और लोभ–लालच से आदिवासियों को ईसाई बना रही हैं। ईसाई धर्म भारत के सबसे पुराने धर्मों में से एक है। ऐसा कहा जाता है कि सेंट थॉमस मालाबार के तट पर उतरे और 52 ईस्वी में उन्होंने वहां देश के पहले चर्च की स्थापना की। कुछ अन्य स्रोतों के अनुसार, वे चौथी सदी में मालाबार आये थे। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, देश की कुल आबादी में ईसाईयों का प्रतिशत 2.3 है। मजे की बात यह है कि सन 1971 से इसमें लगातार गिरावट आ रही है रू 1971– 2.60फीसदी, 1981–2.44फीसदी, 1991–2.34फीसदी, 2001–2.30फीसदी, 2011–2.30फीसदी (सभी आकंड़े जनगणना से)। मगर बेसिरपैर के दुष्प्रचार के नतीजे में गुजरात के डांग में सबसे पहले (25 दिसंबर 1998 से लेकर 3 जनवरी 1999 तक) ईसाई–विरोधी हिंसा हुई। इसके बाद, 22 जनवरी 1999 की रात आरएसएस के अनुषांगिक संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ता राजेंद्र पाल उर्फदारासिंह ने पास्टर ग्राहम स्टेंस और उनके दो मासूम पुत्रों को जिंदा जला दिया। दारासिंह इस समय उम्रकैद की सजा काट रहा है। इस घटना को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ केआर नारायणन ने दुनिया के काले कारनामों की सूची का हिस्सा बताया। स्टेंस ऑस्ट्रलियाई मिशनरी थे और ओडिशा के क्योंझर, मनोहरपुर में काम करते थे। जब वे अपने दो बच्चों टिमोथी और फिलिप के साथ एक खुली जीप में सो रहे थे तब दारासिंह ने कुछ लोगों के साथ मिलकर तीनों को जिंदा जला दिया। आरोप यह लगाया कि कुष्ठ रोगियों की सेवा के बहाने वे धर्मपरिवर्तन करवा रहे थे।

घटना की जांच के लिए नियुक्त वाधवा आयोग ने पाया कि पास्टर स्टेंस धर्मपरिवर्तन में संलग्न नहीं थे और जिस इलाके में वे काम कर रहे थे वह की ईसाई आबादी में कोई बढोत्तरी नहीं हुई थी। इसके बाद से दूरदराज के इलाकों में ईसाई–विरोधी हिंसा जारी रही। अधिकांश मामलों में इस तरह की हिंसा क्रिसमस के आसपास होती थी। फिर 25 अगस्त, 2008 को ओडिशा के कंधमाल में भयावह हिंसा शुरू हुई जिसमें 100 से ज्यादा ईसाई मारे गए, ईसाई महिलाओं के साथ दिल दहलाने वाली बलात्कार की घटनाएं हुईं और कई चर्चों को आग के हवाले कर दिया गया। तब से ईसाई–विरोधी हिंसा चल ही रही है यद्यपि यह सुनिश्चित किया जाता है कि उस पर ज्यादा शोरशराबा न हो। अक्सर दूरदराज के इलाकों में काम रहे पादरियों को तब घेरा जाता है जब वे प्रेयर मीटिंग संचालित कर रहे हों। बजरंग दल और उसके जैसे अन्य संगठनों के सदस्य प्रेयर मीटिंग्स में बाधा डालते हैं। पादरियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाता है और उन्हें परेशान किया जाता है। मणिपुर में ईसाईयों के खिलाफ करीब सात महीनों से हिंसा चल रही थी। कुकी, जिनमें से अधिकांश ईसाई हैं, डबल इंजन सरकार के निशाने पर हैं। मणिपुर और दिल्ली दोनों में भाजपा की सरकारें हैं। प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि इस ईसाई–विरोधी हिंसा को रोकना उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में नहीं है। वे दुनिया भर में जा रहे हैं मगर मणिपुर के लिए उनके पास वक्त नहीं है।

कुछ हिम्मतवर सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों ने इस इलाके में भ्रमण कर हिंसा की आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इस खाई को भरना मुश्किल होगा। इस समय प्रधानमंत्री मोदी जो कर रहे हैं, वह केवल छवि बनाने की कवायद है। केरल में कई धनी ईसाई इस हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति के जाल में फंस रहे हैं। यह भी सच है कि ईडी, इनकम टैक्स आदि के कहर से बचने के लिए ईसाई समुदाय के शीर्ष धार्मिक नेतृत्व का एक हिस्सा सरकार के साथ खड़ा होने को आतुर है। हमें यह समझना होगा कि मोदी एंड कंपनी एक तरफ तो ईसाई समुदाय को हाशिये पर धकेल देना चाहते हैं तो दूसरी ओर वे चुनावों में उनके वोट भी हासिल करना चाहते हैं।

# गोल्डन ग्लोब्ससे आस्कर के संकेत?

श्रुति व्यास,

वर्ष का यह वह समय है जब दुनिया भर में फिल्म पुरस्कारों की घोषणा होती है। सिनेमा दर्शक विजेताओं की सूची खंगालते होते है और नजर रेड कार्पेट पर रहती है। वर्ष का पहला आयोजन दृ गोल्डन ग्लोब्सदृ नए साल के पहले रविवार को हुआ और पिछली गर्मियों का श्बारबेनहाईमरश बुखार, पुरस्कारों के ताजा दौर में भी दिखा। कई अन्य शानदार फिल्मों जैसे श्किलर्स ऑफ द फ्लावर मून्य, श्माइस्ट्रोय, श्पुअर थिंग्स्य, श्एनाटामी ऑफ फॉल्य, श्मे दिसंबस्य, श्पास्ट लाईव्स्य के बावजूद श्बार्बीय एवं श्ओपेनहाईमस्य के पुरस्कार हासिल करने के कयास लगाए जा रहे थे।

पहले थोड़ी चर्चा गोल्डन ग्लोब्स की। अतीत में इन पुरस्कारों की जम कर निंदा और आलोचना हुई है। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार देने वाली संस्था हालीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (एचएफपीए) 2021 में तब विवादों में घिर गई थी जब उस पर भ्रष्टचार और विजेताओं के चुनाव के लिए मतदान करने वाले पैनल में विविधता की कमी के आरोप लगे थे। इसके नतीजे में 2022 का आयोजन अपेक्षाकृत बहुत छोटे स्तर का कर दिया गया ताकि चीजों को सुधारा जा सके। और इस वर्ष इस आयोजन ने तूफानी वापसी की। लॉस एंजेल्स के बेवरली हिल्टन में हुआ तीन घंटे का यह आयोजन, हालीवुड प्रेस एसोसिएशन के भंग होने और एक निजी इक्विटी फर्म व डिक क्लार्क प्रोडेक्शन्स द्वारा अवार्ड्स का संभालने का बाद का पहला आयोजन था। अब उसमें 76 देशों के 300 सदस्य हैं और वह सदस्यों की पृष्ठभूमि की दृष्टि से विविधतापूर्ण है।

सन् 2024 के नॉमिनेशन्स से यह जाहिर हुआ है कि नई और बड़ी चयन समिति मोटे तौर पर लीक पर ही चली हालाँकि कुछ चौंकाने वाला भीथा। जैसे पिछले साल सूची में एक भी महिला निर्देशक नहीं थी। लेकिन इस साल ऐसा नहीं है। ग्रेटा गर्विक (श्बार्बीश) और सलीन सोंग (श्पास्ट लाईव्स्य) सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार के लिए लाइन में थीं। एक और आश्चर्य था श्पास्ट लाइव्स, जो कि जटिल प्रेम त्रिकोण में फंसे एक कोरियाई प्रवासी की कहानी है का अन्य श्रेणियों में भी नामांकन। एक अन्य आश्चर्य था टेलर स्विफ्ट की फिल्म (श्टेलर स्विफ्टरू द एरास टूस्य) को नामांकित करने के लिए एक नयी श्रेणी, श्सिनेमेटिक एंड बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट्य का निर्माण। इस श्रेणी में पुरस्कार अंततरू बार्बी को मिला।

बारबेनहाईमर 2023 की गर्मी से ही चर्चाओं के केन्द्र में है। महामारी के बाद रिलीज होने वाली ये पहली फिल्म थीं और इस बात का इम्तहान थीं कि क्या दर्शकों को दुबारा सिनेमाघरों की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। और ये लेखकों की हड़ताल के पहले की आखिरी फिल्में थीं। जहाँ बार्बी दर्शकों को आनंदित करने वाली फिल्म थी, जो बाद में बाक्स आफिस पर हिट रही, वहीं श्ओपनहाईमस्य एक गंभीर फिल्म थी, जिसकी चर्चा मुख्यतरू उसके निर्देशक क्रिस्टोफर नोलान के कारण हुई। नोलान पारंपरिक कथानकों से बखूबी खेलते हैं और अवचेतन मन और सैद्धांतिक खगोल भौतिकी जैसे दुरूह विषयों पर फिल्मों का निर्देशन करते रहे हैं। ओपेनहाईमर समीक्षकों की पसंदीदा फिल्म बनी और बार्बी, इस प्रसिद्ध गुडिया के युवा प्रशंसकों और उनके अभिभावकों की।

लेकिन गोल्डन ग्लोब्स में सबसे बड़ी विजेता रही श्ओपेनहाईमस्य।उसने पांच पुरस्कार हासिल किए, जिनमें सर्वोत्तम कहानी, सर्वोत्तम अभिनेता (सिल्लियन मर्फी) सर्वोत्तम गीत (लुडविग गोरंस्सों) सर्वोत्तम सहायक अभिनेता (रोबर्ट डाउनी जूनियर) और सर्वोत्तम निर्देशक (क्रिस्टोफर नोलान) शामिल हैं। हालांकि ओपेनहाईमर का मुख्य मुकाबला मार्टिन स्कोर्सेसे की किलर्स ऑफ द फ्लावर मून से था, मगर उसे केवल एक पुरस्कार मिल सका दृ सर्वोत्तम अभिनेत्री के लिए लिली ग्लोडस्टोन को। ग्लोडस्टोन, जीतना तो दूर, नामांकित होने वाली पहली अमेरिका की मूलनिवासी कलाकार हैं। संभवतरू नई, पुनगर्ठित हालीवुड फारेन प्रेस एसोसिएशन के कारण अन्य देशों की फिल्मों को कई पुरस्कार हासिल हुए, जिनमें सबसे आश्चर्यजनक था फ्रेंच फिल्म एनाटामी ऑफ ए फाल के लिए जस्टिन ट्राईट और आर्थर हरारी को सर्वोत्तम स्क्रीनप्ले का पुरस्कार, जो उसे बार्बी, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून और ओपेनहाईमर से मुकाबला करते हुए हासिल हुआ। साथ ही उसे सर्वोत्तम गैर–अंग्रेजी फिल्म का पुरस्कार भी मिला। जापानी निदेशक हेयो मियाजाकी की फिल्म श्द बॉय एंड द हेरोन्य को सर्वोत्तम एनीमेशन के लिए पुरस्कृत किया गया। टीवी सीरियलों के वर्ग में ज्यादातर पुरस्कार श्सक्सेशन्य ने हासिल किए।

गर्मियों का श्बारबेनहाईमस्य माहौल, पुरस्कारों के इस पहले दौर में केवल ओपेनहाईमर के लिए बना रहा। लेकिन क्या गोल्डन ग्लोब्स, आगे आस्कर के संभावित विजेताओं के बारे में भी कोई संकेत देता है?

# भारत के ऋण को नियंत्रित करने की आवश्यकता

नन्तू बनर्जी

भारत के वर्तमान सामान्य सरकारी ऋण के बारे में तुरंत घबराहट की आवश्यकता नहीं है, परन्तु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की चेतावनी कि यह मध्यम अवधि मेंया 2028 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 100 प्रतिशत से अधिक हो सकता है, चिंता का विषय है। आईएमएफ ने कहा है कि दीर्घकालिक जोखिम अधिक हैं और उसने श्वित्तपोषण के नये और अधिमानतरू रियायती स्रोतोंश की आवश्यकता पर भी जोर दिया। दिलचस्प बात यह है कि आईएमएफ के भारत के कार्यकारी निदेशक, के. वी सुब्रमण्यन ने कहा संप्रभु ऋण से जोखिम बहुत सीमित हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू मुद्रा में दर्शाया गया है। पिछले दो दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था का सामना करने वाले झटके की भीड़ के बावजूद, भारत का सार्वजनिक ऋण–से–जीडीपी अनुपात 2005–06 में 81प्रतिशत से बढ़कर 2021–22 में 84प्रतिशत हो गया था जो 2022–23 में पुनरू 81प्रतिशत हो गया। आईएमएफ ने 2023 में वैश्विक ऋण के+ 97 खरब होने का आकलन किया है। आईएमएफ ने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है। इसने कहारू श्निकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चौनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी। आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है, जिससे भारत के लिए राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं। यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुईं तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है।श

आईएमएफ अपने बयान के अंतिम भाग के बारे में बिल्कुल सही है कि भारत में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग उच्च उत्पादन, आपूर्ति और निवेश को प्रेरित कर रही है। भारत की आयात–नेतृत्व वाली अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक मंदी के खिलाफ कुछ हद तक अछूता है। अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर, अर्थव्यवस्था को अगले 10 वर्षों में कम से कम तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते, यह बताया गया कि दुनिया भर की सरकारों द्वारा संचित समग्र सार्वजनिक ऋण 2023 में + 97 ट्रिलियन पर था। यह 2019 में जो कुछ भी था, उससे 40प्रतिशत अधिक है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल विश्व सार्वजनिक ऋण का 33प्रतिशत हिस्सा है। अमेरिका का ऋण–जीडीपी अनुपात 123.3 प्रतिशत है। जापान के लिए, यह 255.2प्रतिशत है, जो वैश्विक ऋण का 11प्रतिशत है। इटली का 143.7प्रतिशत है, और इसके बाद फ्रांस (110प्रतिशत), कनाडा (106.4प्रतिशत), यूके (104 प्रतिशत), ब्राजील (88.1 प्रतिशत)



और चीन (83 प्रतिशत) है। पिछले एक दशक में कुल वैश्विक ऋण में + 100ट्रिलियन की वृद्धि हुई है, जो सरकारों, घरों और निजी क्षेत्र द्वारा ऋण संचय की गति को एक साथ दिखाती है। 2023 की पहली छमाही में, दुनिया के जीडीपी के 336प्रतिशत के लिए कुल वैश्विक ऋ ण + 307 ट्रिलियन का लेखांकन था। अभी के लिए, भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है। हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋ ण सेवा समस्याएं होती हैं। राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋ ण का बोझ बढ़ना जारी है। पंजाब के लिए 2023–24 में अनुमानित ऋ ण–राज्य जीडीपी अनुपात 46.8प्रतिशत है। इसके बाद हैं बिहार (37.8प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37.7 प्रतिशत), राजस्थान (36.8प्रतिशत), केरल (36.6प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4प्रतिशत), तमिलनाडु (25.6प्रतिशत) और असम (24.4प्रतिशत)। कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋ ण–एसजीडीपी अनुपात है। उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है। उच्च ऋ ण–एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं। राज्य सरकार के ऋ ण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है। वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28प्रतिशत बढ़े। आर्थिक गतिविधि में मंदी के कारण एसजीडीपी विकास को नकारात्मक जोखिम हो सकता है। केंद्रीय और राज्य सरकारों के बढ़ते ऋ ण स्वयं एक विकासशील संघीय अर्थव्यवस्था में स्वाभाविक लगेंगे। दुर्भाग्य से, इन सरकारी ऋणों के पीछे के कारण विकास की तुलना में निःशुल्क सेवा एवं धन देने के साथ अधिक जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। दोनों केंद्रीय और राज्य सरकारें चुनाव जीतने के लिए एक आंख के साथ कम आय वाले समूहों को बड़े पैमाने पर निःशुल्क सेवा और नकद दे रही हैं। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में घोषणा की थी कि राशन की दुकानों के माध्यम से गरीबों के लिए सरकार की मुफ्त खाद्य अनाज योजनाअगले पांच साल के लिए बढायी जायेगी जिससे 81 करोड़ लोगों को लाभ होगा। इसमें 11 लाख करोड़ खर्च होगा। यह इस तथ्य के बावजूद है कि सरकार के अपने अनुमान से, देश में गरीबों की संख्या लगभग 20 करोड़ है। जाहिर है, राशन की दुकानों के माध्यम से भोजन का उपहार राष्ट्रीय और राज्यों के चुनाव के मद्देनजर दिया गया है। राज्य सरकारों के शीर्ष पर राजनीतिक दल एक–दूसरे के साथ उपहार देने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जबकि भारत के अधिकांश सेवानिवृत्त औद्योगिक कर्मचारियों को केवल 100 रुपये को योगदान पेंशन के रूप में प्रति माह दिया जाता है। देश और राज्यों के लिए एक उच्च ऋ ण–जीडीपी अनुपात का स्वागत किया जा सकता है यदि यह सामाजिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे के विकास और सार्वजनिक सेवाओं के सुधार पर उच्च विकास व्यय का परिणाम है। परन्तु वर्तमान ऋ ण में वृद्धि इसके कारण नहीं है। यह तो उपहारों के कारण है। यह मूलरूप से उन्हें सत्तारूढ़ पार्टी के लिए वोट हासिल करने के तरीके के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, अधिकांश राज्यों में, गरीब शासन की गुणवत्ता जिम्मेदार ऋ ण प्रबंधन को प्रभावित कर रही है। यह चिंता का विषय है कि राज्य सरकारों की सीमित राजस्व बढ़ाने वाली शक्तियों के बावजूद राजनीतिक दबाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे ऋ ण का उपयोग विकास और रोजगार को प्रोत्साहित नहीं करते जिसके प्रति राजनीतिक नेतृत्व को चिंता करनी चाहिए।

# राहुल का ही चेहरा है भाजपा के आगे

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से श्भारत न्याय यात्राय पर निकलने वाले हैं। यह उनकी श्भारत जोड़ो यात्राय की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा। इसे लेकर सवाल उठेगा कि जिस समय पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी उस समय राहुल एक नई यात्रा पर निकलेंगे। राहुल की यात्रा को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से ध्यान भटकाने साजिश करार दिया जाएगा। लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से भाजपा इस मसले पर चुप रही है। छोटे–छोटे नेताओं या प्रवक्ताओं ने इस पर बयान दिया लेकिन बड़े नेता चुप रहे है और आईटी सेल ने भी इसका मुद्दा नहीं बनाया।

इसका मतलब है कि भाजपा अभी राममंदिर के आयोजन से ध्यान नहीं भटकाना चाहती है। उसे पता है कि अगर वह राहुल की यात्रा को लेकर हमला करेगी और इस मसले पर कांग्रेस से उलझेगी तो फोकस राममंदिर से राहुल की यात्रा पर शिफ्ट हो जाएगा। अभी भाजपा को सारे संसाधन और सारी ताकत अयोध्या के कार्यक्रम पर लगानी है। पहले 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और उसके बाद 25 जनवरी से देश भर में अयोध्या चलो का अभियान छेड़ा जाएगा। भाजपा देश भर के रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। इसके बीच राहुल की यात्रा की मीडिया कवरेज के लिए कांग्रेस को बहुत प्रयास करना होगा। अगर भाजपा यात्रा पर हमला करती है तो मजबूरी में मीडिया को उसे स्पेस देना होगा और फिर राहुल की यात्रा अपने आप खबरों में आएगी। इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल ने चुनावी साल में और भाजपा के सबसे बड़े आयोजन से ऐन पहले यात्रा का ऐलान करके भाजपा को कैच–22 सिचुएशन में डाल दिया है।

ध्यान रहे भाजपा के नेता सचमुच यह मानते रहे हैं कि राहुल गांधी जब तक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता रहेंगे और विपक्ष के सबसे मुख्य चेहरे के तौर पर चुनाव लड़ते रहेंगे तब तक भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई बहुत आसान रहेगी। अनेक पत्रकार और स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं और तंज करते हुए लिखते–बोलते रहे हैं कि भाजपा के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं। यह दावा किया जाता है कि वे जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां भाजपा जीतती है और उनकी बातों से भाजपा को फायदा होता है। मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचार के जरिए इस धारणा को बहुत मजबूती से स्थापित किया गया है। इसके लिए राहुल के फर्जी वीडियो और गढ़े गए बयानों आदि का इस्तेमाल किया गया। भाजपा ने राहुल को श्पप्पूय साबित करने पर अधिकतम समय, श्रम और साधन खर्च किया। भाजपा को निश्चित रूप से इसका फायदा मिला लेकिन जिस तरह से हर दवा की एक्सपायरी डेट होती है वैसे ही हर प्रचार या रणनीति की भी एक्सपायरी डेट होती है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को अब लगने लगा है कि राहुल के लिए जो रणनीति अपनाई गई थी उसका अधिकतम फायदा लिया जा चुका और अब उस रणनीति से राहुल से मुकाबला आसान नहीं होगा। तभी अब राहुल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान की दिशा बदल रही है।

एक समय था, जब राहुल से लडना बहुत आसान था क्योंकि ज्यादातर युवा और देश की बड़ी आबादी उनको गंभीरता से नहीं लेती थी। लेकिन धीरे धीरे स्थितियां बदलती गईं और भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल को गंभीरता से लिया जाने लगा। तभी पिछले एक साल में कई बार भाजपा नेताओं के ऐसे बयान सुनने को मिले कि राहुल गांधी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो देश में क्या हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई जगह अपने भाषणों में कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो तो देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। सोचें, जब राहुल गांधी के रहने से भाजपा को फायदा होता है, वे भाजपा के स्टार प्रचारक हैं, जहां भाषण देते हैं वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित करते है तो उनके होते कांग्रेस कैसे सकती है और वे कैसे प्रधानमंत्री बन सकते हैं? भाजपा के नेता अगर राहुल के प्रधानमंत्री बनने का भय जनता को दिखा रहे हैं तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भाजपा नेताओं के मन में राहुल को लेकर चिंता पैदा हो रही है।

# स्वामी विवेकानंद के पार्क और मूर्ति का नगर पालिका परिषद ने कराया साफ सफाई

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नगर के ख्वाजादोस्त रासमंडल में युग पुरूष स्वामी विवेकानंद जी की एकमात्र मूर्ति व पार्क हैं जो काफी दिनों से उपेक्षित पड़ी थी मूर्ति मरम्मत व पार्क साफ सफाई नहीं होने से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 2150 जौनपुर व संगत पंगत संगठन जौनपुर ने स्थानीय सभासद नंदलाल मौर्य व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा देवी मौर्य को अवगत कराया तो उन्होंने ने नगर पालिका के अधिकारियों को तुरंत आदेश दिया कि मूर्ति रंगाई मरम्मत व स्वामी विवेकानंद जी पार्क रासमंडल का कार्य 24 घण्टे में कराया जाए और कहा कि भाजपा सरकार महापुरुषों के पार्क मूर्ति के सौंदर्यकरण के लिए दृढ़ संकल्प हैं नगर पालिका जौनपुर किसी प्रकार की कमी नहीं रखेगी स्वामी विवेकानंद जी ने तो पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया था।नगर पालिका अध्यक्ष के आदेश पर आज पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति का मरम्मत रंगाई पुताई व सफाई अभियान सुरु कर दिया है।कायस्थ महासभा 2150 व संगत पंगत संगठन जौनपुर स्वामी विवेकानंद जी के जयंती 12 जनवरी पर उस पार्क में शाम साढ़े तीन बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया है। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव कार्यक्रम संयोजक गिरिजेश श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहसंयोजक संदीप श्रीवास्तव पत्रकार ने अध्यक्ष नगर पालिका मनोरमा देवी मौर्य व सभासद नंदलाल यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# लखनऊ दारूल सपा हाल में राष्ट्रीय भाजपा समर्थक मंच की बैठक हुई संपन्न



मृत्युंजय प्रताप सिंह
लखनऊ दिनांक 10 जनवरी 2024 दिन बुधवार को राष्ट्रीय भाजपा समर्थक मंच की बैठक ठ ब्लॉक कामन हॉल में दारूल शफा में संपन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय भाजपा समर्थन मंच के प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व श्री रमेश सिंह रघुवंशी ने संभाला जिसमें प्रदेश से नगर इकाई तथा जिला इकाई कार्यकारिणी के सदस्य घर में सहभागिता प्रदान की कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जी को बधाई दी गई तथा जिसे नगर की सामाजिक समस्याओं संवत कराया गया साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हेतु सामाजिक समस्याओं की ओर ध्यान अग्रसर किया गया निर्णय लिया गया कि सैकड़ो साल ऑन से जनता की समस्याओं को तथा उम्मीद पर जिस प्रकार प्रदेश का भारत सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है इस और भी ध्यान दिया गया इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री रमेश सिंह रघुवंशी जिला अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंह श्री मनोज कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह प्रखर गुप्ता नीरज मित्तल इंद्रजीत सिंह अभिषेक पांडे अवधेश कुमार विश्वकर्मा इत्यादि समस्त कार्य करने उपस्थित रहे।

# शाखा मण्डल स्तर पर क्रमिक अनशन चौथा दिन



मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ । सम्पूर्ण केन्द्रीय कर्मचारियों व राज्य कर्मचारियों के भविष्य को संवारने के लिए तथा बुढापे को सुरक्षित करने के उदेश्य से नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन रेलवेमेन (छ.थ्.प्.त्) के महामंत्री डा. एम. राघवैया चेयरमैन छ.श्र.६। (छंजपवदंस श्रवपदज ब्वनदबपस वि ।बजपवद) ने नई पेंशन स्कीम को रख कर पुरानी पेंशन स्कीम को पुनः लागू कराने आदि अन्य मांगो को लेकर यह फैसला लिया कि सम्पुर्ण भारत वर्ष में दिनांक 08ध्01ध्2024 से 11ध01ध2024 तक शाखा मण्डल स्तर पर क्रमिक अनशन किया जाएगा ताकि कर्मचारी विरोधी इस सरकार की कुंभकर्णी नींद को तोड़ा जा सके । इस फैसले के तहत उत्तरीय रेलवे मजदुर यूनियन (न्.ट.ड.न्) ने सभी शाखाध्मण्डल स्तर पर दिनांक 08ध01ध2024 से 11ध01ध 2024 तक क्रमिक अनशन आयोजित करने का निर्णय लिया जिसमें युवा कर्मचारीयों के साथ–ताय वरिष्ठ कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसी कड़ी में कैरिज वर्कशाप आलमबाग लखनऊ के गेट पर क्रमिक अनशन न्.ट.ड.न् की आलमबाग वर्कशाप शाखा विद्युत शाखा तथा भण्डार शाखा द्वारा संचालित किया जा रहा है । इस कड़ी में आज दिनांक 11ध01ध2024 को कैरिज वर्कशाप गेट पर विशाल जनसभा का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने पहुँचकर अपनी माँगो के लिए एकजुटता का प्रदर्शन किया । सभा का संचालन शाखा सचिव श्री अरविन्द सिहं ने किया जिसमें उन्होने नई पेंशन योजना तथा पुरानी पेंशन योजना की तुलनात्मक व्याख्या की, साथ ही कोविड काल की हमारी फ्रीज व। की तीनों किश्तों को शीघ्र भुगतान कराने का आग्रह भी किया। सभा की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष श्री विनोद श्रीवास्तव ने की तथा श्री. जगदम्बा तिवारी केन्द्रीय उपाध्यक्ष न्त्डन् श्री अजय दुबे सहा. महामंत्री न्. ट.ड.न् श्री राजेश सैनी शाखा सचिव, श्री परमानन्द उपाध्यक्ष आदि ने अपने विचार रखे। श्री तेज बहादुर सिहं शाखा अध्यक्ष अपने सभी पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। सभा में युवा साथी अंशुल यादव, रामऔतार तथा अरविन्द अवस्थी ने भी अपने विचार रखे कि क्यों पुरानी पेंशन योजना आवश्यक है ?हमारी मुख्य माँगे निम्न हैरू– नई पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम को लागू कराना ।

मंहगाई भत्ते की स्की हुई तीनों किश्तों का भुगतान शीघ्र किया जाए ।सन् 2026 तक रिपोर्ट देने के लिए आठवें वेतन आयोग या वेज रिव्यु कमेटी का गठन शीघ्र किया जाए ।

# लखनऊ की मशहूर दलित बस्ती तथा गुरुकुल में बांटे जाएंगे कंबल : राजेश मणि त्रिपाठी' पक्षकार कृष्ण जन्मभूमि

मृत्युंजय प्रताप सिंह

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सबसे उपेक्षित काशीराम कॉलोनी पारा में असहाय और जरूरतमंदों को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल के सौजन्य से योगा तथा प्राकृतिक चिकित्सा कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका सीमा ठाकुर तथा अमित सिंह यादव द्वारा वितरित किया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रमुख त्रिपाठी ने अवगत कराया कि उसी दिन सांय 5:00 से सामूहिक खिचड़ी भोज थाना पारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चुन्नू खेड़ा में



हनुमान मंदिर के पास होगा। जिसमें सनातन के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा गीता अध्ययन हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों में यथार्थ गीता पुस्तक वितरण किया जाएगा। जैसा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिदल का प्रमुख कार्य सनातन के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा गीता को घर–घर तक पहुंचाना प्रमुख उद्देश्य पहले से रहा है। उक्त सामूहिक खिचड़ी भोज में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की आशंका है विदित हो की वहीं पर इसके पहले भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया था जिसमें लोगों के बहुत अधिक संख्या में पहुंचने के कारण अव्यवस्था भी फैल गई थी।

# प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने पांच सौ किलो का नगाड़ा पहुंचा अयोध्या, राम लला को होगा अर्पित

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। इस समय जहां एक ओर राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा में जनकपुर से उपहार, गुजरात से कई फिट व भारी भरकम अदभुत अगरबत्ती,भारी भरकम घंटे सहित अन्य चीजें दूर दराज से आ रही है।उसी कड़ी में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व अहमदाबाद से चल कर विशेष रथ पर 500 किलो का नगाड़ा बुधवार को अयोध्या पहुंचा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक आते ही.देश भर से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए उपहार लाए जा रहे हैं। ऐसे में इन उपहारों को मंदिर परिसर में कहां स्थापित करना है।

उसके लिए स्थान चयन करना भी एक चुनौती है।अहमदाबाद से 9 दिन की यात्रा तय करके अयोध्या लेकर आए चिराग पटेल ने बताया कि नगाड़ा लेकर आए है। यह नगाड़ा 500 किलो और नीचे की लारी 800 किलो की है। जिसकी लंबाई 56 इंच की है। नगाड़े पर सोने और चांदी कि पर्त चढ़ाई गई है। 500 किलो के इस भव्य नगाड़े में लोहे और तांबे की प्लेट का इस्तेमाल हुआ है। जिससे नगाड़े को हजारों वर्षों की आयु दी जा सके। इस नगाड़ा को 10 लोग लेकर यहां पर आए है।

अखिल भारतीय डगबर समाज द्वारा श्री राम मंदिर के लिए 500 किलोग्राम का विशेष नगाड़ा बनाया गया है। इस नगाड़े को बनाने वाले डगबर समाज के 4 लोग श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन इसे मंदिर में बजायेंगे। इस नगाड़े पर सोने और चांदी कि पर्त चढ़ाई गई है। यह नगाड़ा गुजरात से एमपी होते हुए अयोध्या पहुंचा है। 22 जनवरी को और उसके बाद इसकी गूंज श्री राम मंदिर में सुनी जा सकेगी।

# हल्की धूप खिली तो मिली राहत

संवाददाता

लखनऊ। जनवरी में एक ओर जहां लोगों को शीतलहर और कोहरे से परेशान होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर बदले हुए मौसम के कारण बारिश का सामना भी करना पड़ रहा है। राजधानी में बीती रात और अलसुबह बारिश हुई थी, जिससे मौसम में ठंडक और ज्यादा बढ़ गई। लेकिन बुधवार को दोपहर बाद हल्की धूप निकली तो लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलने पर शीतलहर का असर भी कम हुआ और लोग अपने घर के बाहर निकलकर और छतों में बैठकर हल्की धूप का आनंद लेते नजर आए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रख्यात समाजसेवी रमेश भैया का होगा नागरिक अभिनंदन






हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना)। शिव सत्संग मंडल के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती उत्सव शिव सत्संग मंडल , आश्रम ग्राम हुसैनापुर धौकल(ग्राम सभा रू मियांपुर) जनपद रू हरदोई में राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के समन्वयकध्संचालक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि विनोबा सेवा आश्रम के अधिष्ठाता प्रख्यात समाजसेवी रमेश भैया एवं मातृशक्ति की प्रतीक विमला बहन, आचार्य अशोक एवं संतो भक्तों के पावन सानिध्य में होने वाले इस समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधिगण,अधिकारीगण,संत–भक्त एवं सभ्रांतजन मौजूद रहेंगे।

शिव सत्संग मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस पर शिव सत्संग मंडल द्वारा विनोबा सेवा आश्रम बरतारा शाहजहांपुर के अधिष्ठाता प्रख्यात समाजसेवी मान्यवर रमेश भैया जी को अखिल भारतीय रचनात्मक सम्मेलन चित्रकूट का आयोजन करने, विश्व रचनात्मक सम्मेलन ऋषिकेश का संयोजन करने, 18 राज्यों में 35000 किलोमीटर की राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार संदेश पदयात्रा करने ,गांधी पुरस्कार,प्रदेश स्तर पर प्रकृति रत्न सम्मान, रुहेलखंड गौरव सम्मान, राष्ट्रीय स्तर पर रचनात्मक क्षेत्र में जमनालाल बजाज पुरस्कार ,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यश भारती सम्मान, अरुण गांधी के कर कमल से पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार, राज्य रत्न सम्मान, डॉक्टर स्वामी राम देहरादून विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय मानवता पुरस्कार प्राप्त एवं कैपिटल फेडरेशन दिल्ली द्वारा नेशनल विनोबा भावे अवार्ड से सम्मानित तथा निरंतर समाज और राष्ट्र सेवा में अतुलनीय योगदान करने के लिए शिव सत्संग मंडल द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

# उ0 प्र0 सीवर कर्मचारी परिषद के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष सोनू कुमार धानुक चुने गए





मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सीवर कर्मचारी परिषद की बैठक में वार्षिक चुनाव में समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, सभी की सर्व सहमती से चुने गये निम्न पदाधिकारी एवं सदस्यगण सोनू कुमार धानुक (अध्यक्ष), शिव शंकरभारती (महामंत्री), गोविन्द (कोषाध्यक्ष), शीतला प्रसाद बाल्यमीकि (सलाहकार), जयराज, दया शंकर शानू धानुक, मनोज कुमार उर्फ मोनू (उपाध्यक्ष), राजेन्दर उर्फ गब्बर, पीयूष, श्री मती पिंकी, (मंत्री), रवि धानुक, पंकज चौधरी राजेश भारती, दुर्गेश्व अनुज राज, (संगठन मंत्री), प्रदीप धानुक, अरविन्द कुमार बाल्यमीकि ( प्रचारमंत्री), गुड्डू गोपाल, श्रीमती पूजा (कार्यालयमंत्री), रिप्पी कुमार, अजय कुमार बाल्यमीकि, राजेन्दर कुमार, शिवकुमार, श्री मती सरोज, मनीष कुमार, सुनील, विशोरी लाल, पप्पू धानुक, राजन कुमार, अर्जुन, चन्दन, रवि कुमार,आदि ।

# उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन अपने विभिन्न मांगों को लेकर चार दिवसीय क्रमिक अनशन पर

## आज से भूख हड़ताल पर

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। एन एफ आई आर (NFIR) के आवाहन पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (न्त्डन्) द्वारा शाखा एवं मंडल स्तर पर दिनांक 08ध01ध2024 से 11ध01ध2024 तक क्रमिक अनशन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहत जौनपुर शाखा द्वारा आज जौनपुर जं स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने भूख हड़ताल किया गया।

रेल कर्मचारियों ने निम्न मांगो को लेकर क्रमिक चार दिवसीय धरना निम्न मांगों को लेकर धरना दिया

1, न्यू पेंशन स्कीम हटाकर पुरानी पेंशन स्कीम लागू किया जाएं।

2, महंगाई भत्ते की रूकी हुई तीनों किस्तों का एरियर का भुगतान किया जाएं।

3, सन 2026 तक रिपोर्ट देने के लिए आठवें वेतन आयोग या वेज रिव्यू कमेटी का गठन किया जाएं।

4, ठेकेदारी प्रथा बंद करो।

अनशन में शाखामंत्री राकेश सिंहशाखा अध्यक्ष राहुल यादव, सहायक शाखा मंत्री विनय कुमार सिंह, अजय कुमार अध्यक्ष यूथ विंग, चंदन प्रजापति, परमेश्वर यादव ,केशव सिंह यादव ओम प्रकाश यादव, जय नरायन, संतोष कुमारी, रेनू सिंह,विंध्यवासिनी यादव, अमित कुमार, , बृजेश विश्वकर्मा, सुनील कुमार, आदि मौजूद रहे।

# देवरिया में 85 शिक्षक बर्खास्त, एफआईआर दर्ज, होगी रिकवरी

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के विभिन्न प्राइमरी स्कूलों में तैनात 85 शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं सभी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। धांधली की जांच बेसिक शिक्षा विभाग और एसटीएफ ने मिलकर की थी जिसमें फर्जी प्रमाण पत्रों के सहारे 85 से अधिक शिक्षकों ने नौकरी हासिल कर ली थी। लंबी जांच पड़ताल के दौरान 85 फर्जीशिक्षकों पर कार्रवाई हुई है और कई अन्य टीचरों पर भी तलवार लटकी है। इन सभी फर्जी शिक्षकों ने सरकार से करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक की सैलरी ली है। जिलाबेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के मुताबिक सभी शिक्षकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है और 25 करोड़ रुपये से अधिक की आरसी जारी कर दी गई है। जल्द ही इसमें व्यापक स्तर पर और कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने किया शहर के कई स्थानों का निरीक्षण

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी की मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हुसड़िया चौराहा स्थिति लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जा रहे नक्षत्र वाटिका पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश देते हुए संबंधित पार्क को नेचुरल पार्क की तरह विकसित करने को कहा।मंडलायुक्त ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पार्क में पंच वाटिका व औषधियों के पौधे रोपित कर पार्क को नेचुरल वे में डेवलप किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने वॉकवे का सिविल कार्य होते हुए पाया गया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैनपॉवर की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पार्क में योग स्थल व लाइटिंग के कार्य भी अच्छे से कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने चारबाग बस अड्डे और चारबाग चौराहे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चारबाग स्टैंड के प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर कोई बस खड़ा होता ना दिखे। चारबाग पर पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान पर पार्किंग पट्टी व मार्किंग कर लिया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम और सुदृढ़ रूप से चलता रहे। चारबाग चौराहे पर वेंडिंग जोन के लिए नगर निगम द्वारा रेलिंग बनवा लिया जाए। जिससे ठेले खुम्चे अपने परिधि में ही रहे।

# सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण की प्रथम पुण्यतिथि



मृत्युंजय प्रताप सिंह

लखनऊ । नागरिक परिषद व पीपुल्स यूनिटी फोरम के तत्वावधान में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मोतीनगर, लखनऊ में स्मृति सभा व लोकतंत्र को सशक्त बनाने में समाज की भूमिका ! विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एक अध्यक्ष मंडल ने किया जिसमे भगवती सिंह, डा. रमेश दीक्षित, सी. एम. शुक्ला शामिल रहे व संचालन ओ. पी. सिन्हा व वीरेंद्र त्रिपाठी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि रामकृष्ण अपने छात्र जीवन से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे व जेपी आन्दोलन मे भी सक्रिय भूमिका निभाई थी और आजीवन सामाजिक जीवन मे सक्रिय रहे।

वक्ताओं ने कहा कि रामकृष्ण निश्चित रूप से एक राजनीतिक व्यक्ति थे और देश की मेहनतकश, दलित, शोषित जनता के हितों के लिये निरंतर संघर्ष रत रहते थे। उनकी राजनीति का एक गहरा मानवीय एवं सामाजिक पक्ष था। लोगों से उनका जुड़ाव संवेदना के धरातल पर था।

वक्ताओं ने कहा कि रामकृष्ण की मूल चिंता का विषय देश में कमजोर होता लोकतंत्र था और बढ़ती हुयी तानाशाही की चुनौती थी। इसलिये लोकतंत्र के लिये चलने वाले हर संघर्ष में वे पूरी शक्ति से शामिल होते थे। लोकतंत्र के सन्दर्भ में उनकी समझ थी कि राज्य सत्ता की प्रकृति ही लोकतंत्र विरोधी होती है। इसलिये सवाल यह है कि राज्य सत्ता पर समाज का नियंत्रण कैसे बढे और सार्वजनिक जीवन के संचालन में जनता की, किसानों मजदूरों की सीधी भागीदारी कैसे बढ़े। इसलिये जनांदोलन को वे सबसे अधिक महत्व देते थे। वक्ताओं में डा. बृज बिहारी, जय प्रकाश, एडवोकेट प्रभात कुमार, राधेश्याम कनौजिया, रामकिशोर, डा. नरेश कुमार, श्री कृष्णा, परवेज अहमद, अफीक सिद्दिकी, आदियोग, राजीव पांडे, बसंत कुमार, राजा भाई, रूपराम गौतम, होमेन्द्र कुमार, लता राय, सादेश अली, शिवाकांत गोरखपुरी, दिलीप सिंह, प्रभात सिंह, शान्तनु सिंह, रिपुंजय सिंह, डा. रिचा सिंह, डा. अजय कुमार, सोहित यादव सहित अन्य लोग रहे।

# अपराध की आग में जल रहा है उत्तर प्रदेश : आलोक प्रसाद

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। इस समय पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। प्रदेश की जनता प्रदेश सरकार की नीतियों से परेशान हैं।यह बातें अयोध्या लोकसभा के प्रभारी तथा कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर प्रदेश सरकार में बढ़ते हुई अपराधा को लेकर मे पत्रकार वार्ता के दौरान कही।पत्रकारों से मुखातिब होते हुए लोकसभा प्रभारी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। वर्ष 2023 एनसीआरबी रिपोर्ट के आकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार पूरे भारत में होने वालों अपराधों में 15 प्रतिशत अपराधा उत्तर प्रदेश में होते हैं। उन्होंने अपराधों पर बात करते हुए कहा इसकी सिर्फ दो बानगी देखिए एक प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जहां दिनांक 02 नवम्बर 2023 को आईआईटी बीएचयू की छात्रा का तीन लड़कों द्वारा जबरन गन प्वांइट पर उसकी नग्न अवस्था का वीडियो बनाया गया एवं दुष्कर्म किया गया। 03 नवम्बर को ही कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बता दिया था कि इस घटना में भाजपा के लोगों का हाथ है। इस पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। 05 नवम्बर को सीसीटीवी फुटेज से लड़कों की पहचान कर ली गई। 08 नवम्बर को पीड़िता द्वारा भी उनकी पहचान कर ली गई। आरोपियों की पुष्टि होने के पश्चात भाजपा द्वारा उन्हें मध्य प्रदेश के चुनाव प्रचार में भेज दिया गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरोपियो की पहचान होने के बाद भी उनको गिरफ्तार करने में दो महीने क्यों लगे? क्या 5 राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपितों को बचा रही थी? अगर छात्रों और कांग्रेस अध्यक्ष का इतना दबाव न होता तो शायद आरोपित पकडे भी नहीं जाते। संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है, और दुर्भाग्य यह है की ये घटना भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है। उन्होंने कहा दूसरी घटना प्रदेश के मुख्यमंत्री के क्षेत्र गोरखपुर की है जहां विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर में पुलिस द्वारा कथित मुठभेड़ में मार दिया गया। ये बात आइने की तरह साफ है कि गोरखपुर के रहने वाले विनोद उपाध्याय, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने विरोधी रहे हैं। योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विनोद उपाध्याय पर शिकंजा बढ़ता गया और कमशः उन पर ईनाम की धनराशि भी मामले को गंभीर दिखाने के लिए बढ़ाई गई। यह मुठभेड़ व्यक्तिगत कुंठा और राजनैतिक विद्वेष से प्रेरित है और योगी सरकार का एक जाति विशेष विरोधी चेहरे को उजागर करती है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की न्यायिक जांच की मांग करती है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पांडे जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह रामदास वर्मा जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत रामकरण कोरी बालवीर कोरी प्रवीण श्रीवास्तव करण त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व पहली बार अयोध्या आए प्रदेश पदाधिकारी का अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रावत के नेतृत्व में स्वागत किया गया।कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष का शहर की सीमा पर स्वागत करने वालों में राजेन्द्र प्रसाद रावत, मनोज रावत, विजय रावत,सहिदे आलम, बृजेश रावत, राजू प्रधान जी, रिंकू रावत, अभिनाष चौरसिया,अरबिन्द रावत,दिनय रावत ,राधेश्याम प्रमुख रहे।प्रदेश उपाध्यक्ष जी के साथ आए प्रदेश महासचिव मनोज गौतम और प्रदेश सचिव सच्चितानंदपाण्डेय का भी स्वागत हुआ।

# नजूल विभाग के पुरोधा थे स्वर्गीय बाबू श्याम बिहारी श्रीवास्तव

## राम जन्मभूमि मामले में स्वर्गीय श्याम बिहारी श्रीवास्तव को बताया गया था दिल्ली

## नजूल के चप्पे-चप्पे भूमि के जानकार थे स्वर्गीय श्री श्रीवास्तव

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)

अयोध्या। राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर–शोर से चल रही है।इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन हजार से अधिक आमांत्रित अतिथियों की मौजूदगी में साढ़े पांच सौ वर्ष से तंबू व विवादों की सुर्खियों में बने रामलला को दिव्य व भव्य मंदिर में विराजमान करेंगे।अगर देखा जाए प्राण प्रतिष्ठा के शुभ घड़ी के पीछे विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय अशोक सिंघल,अटल बिहारी वाजपेई, कल्याण सिंह सहित 30 अक्टूबर व 2 नवंबर 1990 में मुलायम सिंह की सरकार में नर संहार मे कोठारी बंधुओं व सीता राम लिखने वाले अनेकों शहीद राम भक्तों की कुर्बानी है।वही इसके अलावा 6 दिसंबर 1992 को बाबरी विध्वंस मे राम भक्तों को आज भी याद किया जाता है।उसी मे कोतवाली नगर क्षेत्र के बड़ी देवकाली



मंदिर के सामने नजूल विभाग में कार्यरत स्वर्गीय बाबू श्याम बिहारी श्रीवास्तव का नाम भी लिया जाता है।एक मुलाकात में स्वर्गीय बाबू श्याम श्याम बिहारी श्रीवास्तव के भतीजे डी पी श्रीवास्तव ने बताया कि वे नजूल भूमि के बड़े जानकार थे।वे ही नहीं बल्कि आज भी नजूल विभाग के पुराने कर्मी बताते हैं कि वे एक जगह पर बिना कागज देखे बता देते थे कि कितनी भूमि और किस दिशा में नजूल की भूमि है।इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 1991 – 93 के बीच जब पीवी नरसिम्हा राव की सरकार थी तब राम जन्मभूमिध्बाबरी मस्जिद की करीब 67.703 एकड़ जमीन को अधिग्रहित करने की बात हुई तब उसमें अधिकतर भूमि नजूल की थी।जिसके चलते उन्हें दिल्ली भी जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ बुलाया गया था। इस संबंध में उनके भतीजे डी पी श्रीवास्तव ने बताया कि वास्तव में वे उर्दू, अंग्रेजी के वे अच्छे जानकार थे। उन्होंने बताया कि जब भी कही नजूल भूमि से संबंधित कोई भी जानकारी जिला प्रशासन को लेना होता था तो खुद जिला प्रशासन के आला अधिकारी जिसमें उस समय जिले में तैनात जिला प्रशासन के एडीएम सिटी, एडीएम प्रशासन, तात्कालीन अयोध्या – फैजाबाद विकास प्राधिकरण अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव उनके निवास स्थान बड़ी देवकाली मंदिर के सामने स्थित मकान पर नजूल संबंधित जानकारी लेते थे। उन्होंने बताया कि अयोध्या कैंट के अलावा अयोध्या धाम की अधिकतर भूमि नजूल की थी।जिसकी जानकारी लेने राम जन्मभूमि मंदिर के तात्कालिक पुजारी रामदास,राम चंद्र परमहंस दास,झुमकी घाट के महंत सहित कई जाने माने साधु संत महात्मा उनके घर देवकाली मंदिर के सामने आते थे।कुल मिलाकर नजूल विभाग में कार्यरत स्वर्गीय बाबू श्याम बिहारी श्रीवास्तव नजूल से संबंधित भूमि के बारे में बड़े जानकार थे। बताते चलें कि पहले सभी लिखा पढ़ी अंग्रेजी व उर्दू भाषा में होती थी।इन दोनों भाषाओं पर उनकी अच्छी पकड़ थी। जिसके चलते उन्हें नजूल भूमि के बारे में अच्छा जानकार भी माना जाता है।

# गन्ना किसानों की मांगो को लेकर रालोद ने किया प्रदर्शन कर उप गन्ना आयुक्त को सौपा छः सूत्रीय ज्ञापन

अयोध्या। गन्ना किसानों की मांगों को लेकर उप गन्ना आयुक्त कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं, किसानों द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मायाराम वर्मा की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर गन्ना आयुक्त लखनऊ को संबोधित 6 सूत्रीय मांग धरना स्थल पर पहुंचे उपगन्ना आयुक्त संजय गुप्ता को सौंपा धरना स्थल पर ही उपगन्ना आयुक्त संजय गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी, सचिव अयोध्या सुनील वर्मा, मुख्य गन्ना प्रबंधक के एम सुगर मिल मसौधा सुनील कुमार चौहान के साथ बैठकर बिंदवार चर्चा हुई जिसमें कई समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया नैनो यूरिया रासायनिक खाद जो समिति द्वारा किसान को दी जा रही है किसानों को रशिद देने का निर्देश समिति के सचिवों को दिया गया है जिन भी सेन्टरो पर गन्ना उतरवाई के नाम पर किसानों से पैसा वसूली की जा रही है उसपर सखध्त कार्रवाई करने का निर्देश जिला गन्ना अधिकारी को उपगन्ना आयुक्त ने दिया है गन्ना सचिव मसौधा मुकेश कुमार को तत्काल हटाने की जिद पर जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन मिला है । धरना प्रदर्शन को राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल,राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष बलराम यादव , पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला प्रसाद बागी, धर्मराज पटेल, स्वामीनाथ वर्मा, अशोक कुमार, राम जी राम अध्यक्ष किसान सभा ने संबोधित किया। इस मौके पर बेचू लाल कोरी, नेतराम वर्मा सुरजीत वर्मा राम जियावान वर्मा राजू वर्मा, उमाकांत विश्वकर्मा, भोजराज वर्मा ,अनिल वर्मा, मायाराम वर्मा मास्टर , धनीराम यादव, करिया राम वर्मा, रामप्रसाद कोरी, उमाशंकर वर्मा , शैलेंद्र प्रताप सिंह, समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

# जेसीआई चेतना का शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक सम्पन्न

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जेसीआई चेतना की चयनित अध्यक्ष मीरा अग्रहरि को 2023 की अध्यक्ष सोनी जायसवाल में 2024 अध्यक्ष ने शपथ दि बसलाई। तत्पश्चात 2024 के सचिव वंशिका सिंह, कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता सहित पूरी कार्यकारिणी को 2024 की अध्यक्ष ने शपथ दिलाई।

रुहटटा स्थित शाश्वत वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडला अध्यक्ष वसुंधरा सिंह विशिष्ट अतिथि माया टंडन, मंडल अध्यक्ष पल्लवी सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया निवर्तमान अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने अपने टीम के सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात नव चयनित कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता ने जिन सदस्यों ने सर्वप्रथम सदस्यता शुल्क दे दिया उनको सम्मानित किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष वसुंधरा सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि उन्होंने अपने जेसीआई का सफर सर्वप्रथम जेसीआई जौनपुर चेतना से शुरू किया और उन्होंने बताया कि जेसीआई जौनपुर चेतना से उन्हें विशेष लगाव है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि 2024 की अध्यक्ष जैसी मीरा अग्रहरि के नेतृत्व में जेसीआई चेतन मंडल का सर्वश्रेष्ठ अध्याय बनेगा।

मंडल में सर्वप्रथम सदस्यता शुल्क भेजने के लिए अध्यक्ष मीरा अग्रहरि को गोल्डन कलर देकर सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष माया टंडन जी ने कहा जेसीआई चेतन महिलाओं को समझ में अपनी एक अलग पहचान बनाने का कार्य कर रही है मैं आप सभी के साथ हूं और आप सभी को जहां मेरी जरूरत होगी मैं आपके साथ मिलेगी उप मंडल अध्यक्ष पल्लवी सिंह ने नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष मेघा रस्तोगी जी का विशेष योगदान रहा तथा पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता चारू शर्मा कल्पना केसरवानी मधु गुप्ता रीता कश्यप अभिलाष श्रीवास्तव में नई कार्यकारिणी को बधाई दी इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश जायसवाल जी राधे रमण जयसवाल जी आलोक सेठ जी सहित मंडल अधिकारी गौरव सेठ धर्मेंद्र सेठ मंडल उपाध्यक्ष शिवम सिंह पूर्व मंडल अधिकारी रविकांत जायसवाल 2024 की कार्यकारिणी आकांक्षा दीवेदी, सरला महेश्वरी, अनीता सेठ, अलका उपाध्याय ,इंदिरा जायसवाल, चेतन साहू , विभा गुप्ता, अंजू पाठक ,अंजू जैसवाल,चंदा बरनवाल, अनीता गुप्ता, ममता कश्यप, रेनू बैंकर, ममता केसरवानी, रजनी साहू, ममता गुप्ता, मीनू बरनवाल, रिंकी जायसवाल, संचित बनकर, संगीता सेठ, सारिका सेठ, शारदा गुप्ता, शिल्पी जायसवाल, सोना बैंकर, सुधा बैंकर, ज्ञानेश्वरी गुप्ता, डॉली गुप्ता, ज्योति शाह, ज्योतिश्रीवास्तव ,पूजा श्रीवास्तव, श्रश्र अध्यक्ष यशी गुप्ता, श्रश्र सचिव अनाया अग्रहरि रही संस्था की कई सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति जताई सीमा सेठ, रविंद्र कौर, सुधा बैंकर, सरिता बैंकर, निशा सिंघानिया, साधना सिंह, ज्योति प्रियंका सिंह शालिनी चौधरी शुभ्रा जी गायत्री जैसवाल, शिवानी चौरसिया, पूनम श्रीवास्तव, शिवानी खरे, नीतू राय, आदि उपस्थित रही कार्यक्रम की निर्देशिका इंदिरा जायसवाल तथा आकांक्षा द्विवेदी और रही सचिव वंशिका सिंह जी ने कार्यक्रम के अंत में सबका आभार व्यक्त किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से आटो के उड़े परखच्चे, एक की मौत तीन घायल

(डाक्टर अजय जिला संवाददाता)

अयोध्या। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर अयोध्या से लखनऊ की तरफ जा रहे आटो को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जोरदार थी कि आटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते उसमें सवार सभी गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस घटना की सूचना पर पहुँची रौनाही पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहाँ इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। अन्य का इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार दर्शन नगर के पास स्थित तिवारी पुरवा गांव निवासी मनोज कुमार उर्फ बबलू परिवार वालों को अपनी निजी आटो यू पी 42 बी टी 7489 से लेकर रिश्तेदारी बाराबंकी जा रहे थे। सुबह लगभग 8 बजे जब वह एन एच 27 पर जुबेर गंज बाजार के पास पहुचे थे। किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गया।आटो के पलटते ही वहाँ चीख पुकार मच गई।दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। वहां इलाज के दौरान आटो चालक मनोज कुमार उर्फ बब्लू उम्र लगभग 46 वर्ष की मौत हो गयी। गम्भीर रूप से घायल 10 वर्षीय आदित्य पुत्र अरविंद तिवारी को लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।इस सम्बन्ध में उप–निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटकता मिला विवाहिता का शव

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ गांव में विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ की डाल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ गांव निवासी जगन्नाथ पांडे की 22 वर्षीय विवाहिता पुत्री नीलम का शव, मंगलवार की रात घर के सामने स्थित नीम की डाल से रात लगभग 11.30 बजे रस्सी के सहारे लटकता पाया गया, जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया, ग्रामीणों ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरते हुए पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नीलम की शादी पिछले वर्ष नवंबर में सत्येंद्र पाठक पुत्र अशोक पाठक निवासी परसपुर थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर के साथ हुई थी, वही ग्रामीणों का कहना है कि मृतिका नीलम मानसिक अवसाद से पीड़ित थी जिसका इलाज चल रहा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह ने बताया कि शव का पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इसके बाद ही घटना का कारण स्पष्ट होगा।

# अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

## *सोशल मीडिया पर वायरल किया था फोटो पुलिस ने भेजा जेल*

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर तमंचा के साथ फोटो खींचकर वायरल करने के आरोप में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

जिसे न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर देसी तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बकचुना गांव का एक युवक अवैध तमंचा के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया फेसबुक, व्हाट्सएप पर पोस्ट करना भारी पड़ गया। वायरल फोटो के आधार पर खण्डासा पुलिस टीम ने आरोपी युवक की तलाश में जुट गयी।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ आरोपी युवक को खण्डासा चौकी क्षेत्र के पूराबली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।चौकी प्रभारी खण्डासा सुधीर त्रिपाठी, उप निरीक्षक शैलेश द्विवेदी, कांस्टेबल रवि प्रताप यादव, आशुतोष कुमार ने जब युवक तलाशी ली तो युवक के पास से 315 बोर अबैध देसी तमंचा व 2 अदद 315 बोर जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस आरोपी को थाने ले आई जहां पर विधिक कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष खण्डासा मनोज कुमार यादव ने बताया कि अवैध तमंचे के साथ पकड़ा गया आरोपी सुशील कुमार पुत्र झगरू निवासी बकचुना के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# डाक विभाग का डीबीटी भुगतान की सुविधा हेतु विशेष अभियान

संवाददाता

लखनऊ। डाक विभाग द्वारा डीबीटी भुगतान की सुविधा सीधे खाते में उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी परिक्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर 10 हजार से ज्यादा खाते खोले गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हुए मात्र आधार व मोबाईल नम्बर द्वारा ये पेपरलेस खाते खोले गए। यह जानकारी पीएमजी कृष्ण कुमार यादव ने देते हुए कहा कि वाराणसी परिक्षेत्र में अब तक 8 लाख से ज्यादा लोग इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाता खुलवा चुके हैं और घर बैठे इसकी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। पीएमजी ने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक के माध्यम से हर किसी के लिए रसोई से लेकर खेत–खलिहानों तक, स्कूलों से लेकर ऑफिस और दुकानों तक सहजता से डिजिटल और पेपरलेस बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत भेजी गई डीबीटी रकम भी घर बैठे लोग अब डाकिया के माध्यम से निकाल पा रहे हैं। जहाँ कोई नहीं पहुँचता, वहाँ डाकिया पहुँच रहा है। अब डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक चलते– फिरते बैंक बन गए हैं।

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिखाई हरी झंडी

### वाइब्रेंट गुजरात और आध्यत्मिक अयोध्या का संगम करायेगी नई हवाई सेवा : ज्योतिरादित्य

### प्रदेश में 2016-17 में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गई - सीएम

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)

अयोध्या।राम नगरी से अहमदाबाद ब्रांडेड गुजरात लिए भी उड़ान सेवा आज से शुरु हो गई।धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्री राम के दर्शन–पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओंध्पर्यटकों को अहमदाबाद–अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद – अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया। इस मौके पर अयोध्या–अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है।आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016–17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022–23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016–17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। जबकि वर्ष 2022–23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना है कि एक सामान्य नागरिक भी हवाई जहाज में यात्रा करे, हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सेवा का लाभ उठाये। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है। इसलिए प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडियो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 08 नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढोतरी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुई। वर्तमान में 13 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 84 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। इसी तरह, वाराणसी एयरपोर्ट से 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 34 उड़ानें, गोरखपुर एयरपोर्ट से 04 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, प्रयागराज एयरपोर्ट से 10 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 11 उड़ानें, आगरा एयरपोर्ट 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, कानपुर एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें, बरेली एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। केंद्रीय मंत्री ने बीते 30 दिसंबर को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ के दिन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि अयोध्या में ऐसा लगा कि मानो हर कोई अपने प्रभु श्रीराम के स्वागत में आह्लादित है। योगी जी ने नव्य अयोध्या बनाई है। अयोध्या एयरपोर्ट सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समयबद्धता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि श्जहां होता है राम का नाम–वहां पूरे होते हैं सारे काम। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना, एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगों की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस फ्लाइट के माध्यम से वाइब्रेंट गुजरात और आध्यत्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में 2014 में 700 एयरक्राफ्ट प्रति सप्ताह था, आज 137 गुना बढ़कर 1654 एयर मूवमेंट प्रति सप्ताह तक पहुंच गया है। बहुत जल्द अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती में भी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। कार्यक्रम में, इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने देश के सिविल एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइंस की मजबूत उपस्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में इंडिगो हर दिन उत्तर प्रदेश के 07 हवाईअड्डों से 165 उड़ानें भर रहा है। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी सुनिश्चित है।अयोध्या–अहमदाबाद के बीच शुरू हुई नई फ्लाइट के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दोनों ओर से फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन में उपलब्ध होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और फ्लाइट संख्या 6ई112 की अयोध्या से पहली उड़ान के पहले यात्री को बोर्डिंग पास भी प्रदान किया गया। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में सांसद लल्लू सिंह और सांसद किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी और इंडिगो के प्रतिनिधिगणों की भी उपस्थिति रही।

# जीएसटी चोरी में 14.18 करोड़ रुपए की वसूली

संवाददाता

लखनऊ। जीएसटी चोरी करने वाले दवा कारोबारी ने स्टेट जीएसटी से 14.18 करोड़ रुपए वसूले है। विभाग के डाटा एनालिसस में यह बात सामने आई है। जांच में यह बात सामने आई कि दवा कारोबारी साल 2020–21 के बाद लगातार कम टैक्स दे रहा था। उसके बाद विभाग की तरफ से जांच तेज की गई। इसमें चार साल की चोरी पकड़ी गई। इसके बाद अलग–अलग साल को जोड़ते हुए कारोबारी से जीएसटी अधिकारियों ने 14.18 करोड़ रुपए की वसूली कर ली है। विभाग के अधिकारी अरूण शंकर राय ने बताया कि शुरू में कारोबारी और फर्म वास्तविक करदेयता स्वीकार नहीं कर रहा था। उसके बाद मौके पर जांच करने वाली टीम को भेजा गया।

हिन्दी सान्ध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मं. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।